दुभाषिए से सहायता

क्या आपको बैंक कर्मचारियों से बातचीत करने में मुश्किल आ रही है? क्या आपके लिए अपनी खुद की भाषा में किसी से बात करना अधिक आसान होगा?

हमारे यहाँ किसी भी ऐसे उपभोक्ता के लिए नि:शुल्क दुभाषिया सेवा उपलब्ध है जिसे हमारे बैंक में अपना संदेश समझाने के लिए सहायता की ज़रुरत हो।

दुभाषिया कौन हो सकता है?

निम्नलिखित व्यक्ति दुभाषिए हो सकते हैं:

- Commonwealth Bank के स्टाफ का कोई सदस्य जो आपकी भाषा बोलता हो
- वह व्यक्ति जो अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreter Service - TIS) के लिए काम करता हो।

कभी-कभार कोई मित्र, परिजन या सहायक कर्मी आपके लिए अनुवाद कर सकता है। यह ज़रुरी है कि उनकी आयु 18 साल से अधिक हो।

यह कैसे काम करता है?

बैंक के कर्मचारी बातचीत करने या फोन करने के लिए आपको एक निजी कक्ष में ले जाएँगे। हम आपको दुभाषिए के साथ काम करने के लिए पर्याप्त समय देंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप हमें समझते हैं, और हम आपको समझते हैं।

दुभाषिए का प्रयोग करना क्यों महत्वपूर्ण है?

इससे पहले कि आप किसी नई सेवा या नए उत्पाद के लिए सहमति दे, दुभाषिए इसकी शर्तों, खतरों और इसके लाभों को समझने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

बैंक कर्मचारी दुभाषिए से सहायता लेने के लिए आपकी सहमति मांगेंगे। सहमति का अर्थ का कि आप हाँ कहते हैं।

आप बैंक में दुभाषिए का प्रयोग नि:शुल्क कर सकते हैं, परन्तु, लिखित जानकारी का अनुवाद अन्य भाषाओं में कराने के लिए यह ज़रुरी है कि आप भुगतान करें। जैसे कि, कोई पुस्तिका।